Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जयपुर में एसीबी–भीलवाड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निवास पर तलाशी की कार्यवाही में बरामद हुई 40 लाख से अधिक रूपए की नगदी।**
- **लाखों रूपये के स्वर्ण और चांदी के आभूषण और चल अचल संपत्ति के दस्तावेज भी बरामद।**

जयपुर, 28 जून, शनिवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी जयपुर ग्रामीण ईकाई द्वारा दिनांक 27 जून को देर रात कार्यवाही करते हुये आरोपी श्री जगराम मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी भीलवाड़ा के जयपुर स्थित आवास पर छापा मारकर 40 लाख से अधिक की नगद राशि एवं करोड़ो रूपये बाजार मूल्य की चल अचंल सम्पत्ति के दस्तावेज बरामद किए है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी मुख्यालय को मिली सूत्र सूचना के आधार पर दिनांक 27 जून 2025 को देर शाम आरोपी श्री जगराम मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी भीलवाड़ा को 9 लाख 50 हजार रूपये की संदिग्ध राशि के साथ जयपुर आते हुए पकड़ा था।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में एसीबी चौकी जयपुर ग्रामीण के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुनिल सिहाग** के नेतृत्व में **पुलिस निरीक्षक श्री राजकुमार शर्मा** द्वारा मय टीम के कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री जगराम मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के थाना रामनगरिया क्षेत्र में स्थित निवास पर छापा मारकर तलाशी ली गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निवास से 40 लाख रूपये से अधिक नकदी, लाखों रूपयें के सोने चांदी के आभूषण एवं करोड़ो रूपये बाजार मूल्य की चल–अचल संपत्ति के दस्तावेज बरामद किए गए। बरामद नकद राशि के अधिक होने के कारण मौके पर टीम को नोट गिनने की मशीन मंगवानी पड़ी। तलाशी के दौरान आरोपी की आवास से मंहगी एंव विदेशी ब्रांड की भारी मात्रा में शराब की बोतल भी बरामद हुई जिसकी सूचना थाना रामनगरिया को दी जाकर पृथक से अभियोग पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में ए.सी.बी. द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।